जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति   दिनांक 28.12.2024

थाना कांधला पुलिस द्वारा 02 वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गयी 02 मोटर साईकिल बरामदः-

दिनांक 27.12.2024 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कांधला पुलिस द्वारा 02 वाहन चोरो को चोरी की गयी मोटर 02 साईकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगण ने पूछताछ पर मोटर साईकिलों को जनपद शामली के सीमावर्ती जनपदों से चोरी करना बताया है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1.मारुफ पुत्र सादीन निवासी ग्राम बधुपुरा थाना कैराना जनपद शामली।

2.आमिर पुत्र कासिम निवासी मौहल्ला खैल थाना कांधला जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1.चोरी की गयी मोटर साईकिल हीरो स्पैलन्डर रजि नं0 HR60B0653

2.चोरी की गयी मोटर साईकिल हीरो स्पैलन्डर प्लस रजि नं0 UP12V5491

थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध चाकू बरामदः-

दिनांक 27.12.2024 की रात्रि पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1.लक्की पुत्र सुखविन्द्र सिंह निवासी ग्राम मामौर थाना कैराना जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1.एक अवैध चाकू।

<u>थाना कैराना पुलिस द्वारा लापरवाही से वाहन चलाकर टक्कर मारने के मामले में वांछित डम्पर चालक गिरफ्तार।</u>

ज्ञात हो कि दिनांक 26.12.2024 को थाना कैराना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मलकपुर मार्ग पर मोटर साईकिल सवार फिरोज, सलमा व उनकी 1.5 माह की पुत्री को डम्पर रजि0नं0 HR37E5252 द्वारा टक्कर मार दी गयी थी। दुर्घटना में फिरोज व उनकी पुत्री की मौके पर मृत्यु हो गयी थी व सलमा उपरोक्त घायल हो गयी थी। घटना के सम्बन्ध में गुलफाम पुत्र यासीन निवासी ग्राम कसेरवा थाना आदर्शमंडी जनपद शामली की तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश प्रभारी निरीक्षक कैराना को दिये गये थे।

इसी क्रम में दिनांक 27.12.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे वांछितो से सम्बन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा लापरवाही से वाहन चलाकर टक्कर मारने के मामले में वांछित डम्पर चालक को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>

1.वासिल पुत्र मौहम्मद निवासी ग्राम गन्दराऊ थाना कैराना जनपद शामली।

<u>थाना कैराना पुलिस द्वारा नाबालिग से छेड़छाड़ करने के मामलें में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-</u>

ज्ञात हो कि थाना कैराना क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्त द्वारा घर में घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़ करने के सम्बन्ध में पीड़िता के परिजनों द्वारा दिनांक 24.12.2024 को थाना कैराना पर लिखित तहरीर दी गयी थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में दिनांक 27.12.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी कैराना के निर्देशन/निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा घर में घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़ करने के मामलें में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>

1.अंकित पुत्र रमेशचन्द निवासी ग्राम मलकपुर थाना कैराना जनपद शामली।

SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI